प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 25.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि मंदिर चके शिखर पर फहराएंगे ध्वज, मंदिर निर्माण पूरा होने और राष्ट्र की एकता तथा पारंपरिक विरासत का मनेगा उत्सव ।
2. झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य में नगर निकाय चुनाव के लिए समय सीमा की निर्धारित, 101 दिन के अंदर चुनाव करा लेने का दिया आदेश।
3. एसआईआर को लेकर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के विवादास्पद बयान पर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कार्रवाई की मांग की, राज्य निर्वाचन आयोग ने जामताड़ा उपायुक्त से मांगी रिपोर्ट।
4. रांची समेत राज्यभर में अगले सात दिनों तक 10 से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा न्यूनतम तापमान, छाया रहेगा कुहांसा, धुंध के कारण चार विमान रांची से किए गए डायवर्ट।
5. रांची में 30 नवंबर को भारत–दक्षिण अफ्रीका के बीच होनेवाले वनडे मैच को लेकर आज से होगी टिकटों की बिक्री, आधी रात से लाइन में खड़े हैं लोग, आज पहुचेंगे पांच भारतीय खिलाड़ी।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज फहराएंगे। प्रधानमंत्री मंदिर के गर्भगृह में राम दरबार की पूजा–अर्चना करेंगे। ये मंदिर निर्माण के पूरा होने और राष्ट्र की एकता तथा पारंपरिक विरासत का उत्सव मनाने का प्रतीक है।

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य में नगर निकाय चुनाव के लिए समय सीमा निर्धारित कर दी है। उच्च न्यायालय ने 101 दिन के अंदर निकाय चुनाव करा लेने का आदेश दिया है। उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने बताया कि 56 दिन में चुनाव की सारी तैयारी पूरी कर ली जाएगी और इसके बाद 45 दिन चुनाव की प्रक्रिया पूरी करने में लगेंगे।

****

उद्योग और संस्थानों के संघ ने चार श्रम संहिताओं की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस के शर्मा ने इसे ऐतिहासिक निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि इससे आधुनिक, पारदर्शी और समान श्रम रूपरेखा के निर्माण के लिए सरकार की दूरदर्शी प्रतिबद्धता का पता चलता है।

****

चक्रधरपुर रेल मंडल में लोको पायलटों की कमी के कारण आज से 27 नवंबर के बीच कुल 21 मेमू ट्रेनें रद्द रहेंगी।

****

झारखण्ड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने राज्य में लागू राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना को लेकर स्वास्थ्य विभाग और मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के साथ बैठक की। इस दौरान श्री महतो ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति में आ रही कठिनाइयों को दूर करने का निर्देश दिया है।

****

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण –एस आई आर के दूसरे चरण की शुरुआत के बाद से देश में 99 प्रतिशत से ज़्यादा गणना प्रपत्र मतदाताओं के बीच वितरित किए जा चुके हैं। अब तक 50 करोड़ 50 लाख से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए गए हैं।

****

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी द्वारा एसआईआर और बीएलओ को लेकर दिए गए विवादास्पद बयान के बाद केंद्रीय मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्रवाई की मांग की है। श्रीसेठ ने स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की है।

इधर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने भाजपा पर उनके बयान को तोड़ मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाया है।

उधर, राज्य निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने जामताड़ा उपायुक्त से स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के बयान पर रिपोर्ट मांगी है।

****

भाजपा खूंटी जिला समिति की ओऱ से तोरपा में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च निकाली गई। कार्यक्रम का उद्देश्य अखंड भारत, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान के संदेश को जन–जन तक पहुंचाना है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुडा शामिल हुए।

उधर पाकुड़ में भी डीडीसी महेश कुमार संथालिया ने यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

****

26 नवंबर को संविधान दिवस है। इस दिन भारत का संविधान अपनाया गया था। संविधान निर्माण में हजारीबाग का महत्वपूर्ण योगदान है।

****

रांची समेत राज्यभर में अगले सात दिनों तक न्यूनतम तापमान 10 से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। इस दौरान आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे और सुबह के वक्त धुंध रहेगी। कुहासे के कारण रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से चार विमान को डायवर्ट करना पड़ा।

****

राजधानी रांची के स्टेडियम में 30 नवंबर को होनेवाले वनडे मैच को लेकर आज सुबह नौ बजे से काउंटर से टिकटों की बिक्री शुरू होगी। इस मैच को लेकर दर्शकों में उत्साह है और कड़ाके की ठंड के बावजूद आधी रात से टिकट के लिए लोग लाइन में खड़े हैं। मैच को लेकर भारतीय टीम के पांच खिलाड़ी रितुराज गायकवाड, हर्षित राणा, तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा और अर्शदीप सिंह आज रांची पहुंच जाएंगे।

****

राजधानी रांची के टाटीसिल्वे में झारखंड सशस्त्र पुलिस द्वारा आज से क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। चार दिनों तक चलनेवाली इस प्रतियोगिता में एक हजार एक सौ सैंतीस पुलिसकर्मी और खिलाड़ी शामिल होंगे।

****

इंडियन वुडबॉल एसोसिएशन की ओर से प्रथम इंडियन वुडबॉल लीग चैम्पियनशिप का आयोजन नवी मुंबई में आठ से 10 दिसंबर तक किया जाएगा। इसमें झारखंड की टीम भी शामिल होगी।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित होने वाले सभी प्रमुख अख़बारों ने निकाय चुनाव को लेकर उच्च न्यायालय के आदेश और दुमका में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कार्यक्रम की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर और दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हवाले से लिखा है– झारखंड के गरीब परिवारों के बच्चे भी उड़ाएंगे हवाई जहाज।

हिंदुस्तान ने राज्य में मार्च तक निकाय चुनाव कराने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

दैनिक भास्कर, अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने अभिनेता धर्मेन्द्र के निधन की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

****